# कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर।

## विज्ञप्ति

उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 1324/एसएलएसए-23-2016 दिनांकित 07 सितम्बर 2020 के साथ संलग्नक उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या 02/2018/661/सात-न्याय-7-2018-47/2002 दिनांकित 30 जनवरी 2018 के द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में गठित स्थायी लोक अदालत के लिए निर्धारित मानदेय रू. 9,000/- प्रतिमाह पर एक पेशकार एवं निर्धारित मानदेय रू. 9,000/- प्रतिमाह पर एक आशुलिपिक ग्रेड-2 तथा निर्धारित मानदेय रू. 7000/- प्रतिमाह पर एक चपरासी के पदों पर माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय से प्राप्त निर्देश दिनांकित 01.10.2024 के क्रम में नियुक्ति की जानी है। इस संबंध में जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत कर्मी अर्ह है, जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो। उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अर्ह आवेदकों से दिनांक 18.10.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के नाम से पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जा सकते है अथवा सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के कार्यालय में कार्यदिवस में प्राप्त कराये जा सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा। नियुक्त होने वाले कर्मचारियों का कार्यकाल अधिकतम 02 वर्ष का होगा एवं मानदेय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण / राज्य सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अधीन होगा।

संलग्नकः आवेदन पत्र का प्रारूप।

प्रतिलिपिः-

1- केन्द्रीय नाजिर, सिद्धार्थनगर जजशिप को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये।

2- जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति को चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

3- सिस्टम आफीसर/असिस्टेन्ट कम्प्यूटर अनुभाग, जजशिप को उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन का प्रारूप माननीय उच्च न्यायालय के वेवसाइड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

4- जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे उक्त विज्ञप्ति को निःशुल्क प्रकाशित जनहित में कराना सुनिश्चित करें।

5- सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति नौगढ़ को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये।

6- सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति बांसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये।

7- सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति शोहरतगढ़ को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये।

8- सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति इटवा को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये।

9- सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति डुमरियागंज को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये।

03/10/2024

( मनोज कुमार तिवारी ),
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
ए०डी०आर० सेन्टर,
दीवानी न्यायालय परिसर,
सिद्धार्थनगर।

**जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर में गठित होने वाली स्थायी लोक अदालत के संचालन के लिए एक पेशकार एवं एवं आशुलिपिक ग्रेड–2 तथा एक चपरासी के पदों पर नियुक्ति हेतु**

**आवेदन पत्र का प्रारूप**

1– पद जिसके लिए अभ्यर्थन किया गया ......................................

2– अ– अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में) ..................................................

ब– अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बड़े शब्दों में)

..................................................................................................

3– आवेदक के पिता का नाम (हिन्दी में) ..................................................

4– अभ्यर्थी की जन्म तिथि ..........................................................................

5– दिनांक 01.10.2024 को अभ्यर्थी की उम्र ( वर्ष ............ माह ........... दिन ............)

6– आवेदक का वर्तमान पता ..........................................................................................

..................................................................................................................................

7– शैक्षिक योग्यता ( सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें) ...................

..................................................................................................................................

8– विभाग का नाम जिस विभाग से सेवानिवृत हुए है ................................................

9– सेवानिवृत्त होने का पद (सेवानिवृत की तिथि में किस पद पर थे) ........................

10– सेवानिवृत होने का दिनांक ..........................................................................

11– दूरभाष/मोबाइल नम्बर ..........................................................................

12– कम्प्यूटर पर कार्य करने में सक्षम है या नही ..................................................

13– ऐसी कोई विशेष अर्हता जिसका उल्लेख करना चाहते हो ................................

दिनांक ........................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

स्थान ..........................

**उद्घोषणा**

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त सूचनाये मेरी निजी ज्ञान मे सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूंठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्व की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी तथा मेरे विरूद्व कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही अथवा आपराधिक अन्वेषण /जॉच /विचारण लम्बित नही है और न ही मैं किसी अनुशासनात्मक कार्यवाही अथवा आपराधिक प्रकरण में दण्डित किया गया हूँ।

**हस्ताक्षर घोषणा कर्ता**

संलग्नक :–

1–

2–

3–

4–

5–

6–

7–

**आवेदक के हस्ताक्षर**